विरोध प्रदर्शन के बीच वकीलों के अवैध चैंबरों पर गरजा बुलडोजर

भारी विरोध के बीच बुलडोजर पर चढ़कर वकीलों का प्रदर्शन

लखनऊ। राजधानी में आज कड़ी सुरक्षा के बीच सिविल कोर्ट के आपस पास अवैध रूप से बने वकीलों के चैंबरों पर नगर निगम ने बुलडोजर चलाकर ध्वस्त किया। इस दौरान वकीलों ने बुलडोजर चढ़कर और बुलडोजर के आगे लेट कर जोरदार प्रदर्शन किया प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया। सबसे पहले वकील सड़क पर बोरी बिछाकर बैठे, फिर नारेबाजी करते हुये खड़े होकर उग्र हो गये।इस मौके पर उपस्थित पुलिस अधिकारी उन्हें समझाते नजर आये।करीब दो घंटे की कारवाई के दौरान वकीलों का गुस्सा इतना बढ़ गया कि ध्वस्तीकरण में लगे एक बुलडोजर को रोककर उसके ऊपर चढ़ गये। कई महिला वकील इस कारवाई के दौरान रोती हुई दिखी और उनका कहना था कि हमलोग के सामने रोजी रोटी का सवाल खड़ा हो गया है। सरकार कोई वैकल्पिक



व्यवस्था तक नहीं कर रही है।उल्लेखनीय है कि अवैध रूप से बने 211चैंबरों को गिराने के लिये नगर निगम निशान लगाकर वकीलों को नोटिस दिया था।जिस पर आयी चौदह आपत्तियों पर समाधान भी दे दिया गया। साथ ही अन्य वकील हाईकोर्ट में नगर निगम केखिलाफ अपील लेकर पहुंचे थे।जिसे खारिज कर दिया गया। विगत मई से अगस्त के बीच दो बार में 72अवैध चैंबर तोड़े जा चुके हैं। नगर निगम की आज की ध्वस्तीकरण की कारवाई 11 अक्टूबर को होनी थी, लेकिन आपत्तियों के निस्तारण और कोर्ट में अपील लंबित होने के कारण नहीं हटाया जा सका था। इस कारवाई के दौरान नगर निगम ने 10 जेसीबी, 10 हाइवा, 1 पोकलैंड, 3 टावर, 1 रोड ब्रेकर, 4 गाड़ियों का प्रयोग किया।कचहरी के बगल और कैसरबाग बस डिपो के सामने

कोर्ट के आदेश का नगर निगम ने किया अनुपालन

बने अवैध अतिक्रमण को नगर निगम के बुलडोजर ध्वस्त कर दिया। बताते चलें कि बलरामपुर अस्पताल की दूसरी पटरी पर कचहरी की साइड कुछ दुकानें हैं।जो नगर निगम की तरफ से आवंटित दुकानें भी हैं। साथ ही एलडीए की तरफ से आवंटित 800 स्क्वायर फीट में कई दुकानें हैं। विरोध कर रहे वकील कह रहे थे कि सभी दुकानों को गिराया जाए या किसी को भी न गिराया जाये। आज की कारवाई के दौरान एक मामला और सामने आया कि वकीलों के अवैध रूप से बने चैंबरों के अलावा नगर निगम के अधिकारियों ने कई ऐसी सम्पत्ति पर मार्किंग कर दी थी। जिन पर वैध निर्माण है।जिसको लेकर सम्पत्ति मालिकों ने लाल क्रॉस निशान को सफेद से पोत दिया। इसके बाद उन पर नोटिस की जगह प्रॉपर्टी की डिटेल जानकारी लिखकर चिपका दी है। इस दौरान मौजूद वकील अरुण कुमार गिरि हेमू विनोद कुमार राम प्रकाश अन्य वकीलों का कहना है कि हम लोग ठेला वालों से भी गये-गुजरे हैं। पूरा शहर में अतिक्रमण की चपेट में हैं।इस विषय पर कई याचिकायें दाखिल हैं लेकिन टारगेट में सिर्फ वकील हैं।

एक महिला के चक्कर में सबके चैंबर गिराये जा रहे हैं।यहां कितनी महिला वकीलों ने एक-एक रुपया जोड़कर चैंबर बनाया था।हम लोग लगातार मानसिक तनाव में हैं।

एसजीपीजीआई और लोहिया संस्थान की ओपीडी में आज नही देखे जायेंगे नये मरीज

केजीएमयू में सामान्य दिनों की भांति देखे जायेंगे मरीज

लखनऊ,(आज समाचार सेवा)। एसजीपीजीआई और लोहिया संस्थान की ओपीडी में सोमवार को महर्षि वाल्मीकि जयंती के सार्वजनिक अवकाश पर नये मरीज नहीं देखे जाएंगे। जानकारी के मुताबिक ओपीडी में नए मरीजों का पंजीकरण और परामर्श नहीं होगा। पहले से अपॉइंटमेंट ले चुके पुराने मरीजों को डॉक्टर देखेंगे और निर्धारित जांचें व ऑपरेशन जारी रहेंगे। पीजीआई की इमरजेंसी और २४ घंटे की लैब चालू रहेंगी। ओपीडी में नमूने लेने की सुविधा बंद रहेगी। प्रशासनिक भवन और शैक्षणिक ब्लॉक भी बंद रहेंगे। केजीएमयू में सभी मरीज देखे जाएंगे जबकि अन्य सरकारी अस्पतालों की ओपीडी दोपहर १२ बजे तक चलेगी। केजीएमयू में नए व पुराने रोगी देखे जाएंगे केजीएमयू प्रवक्ता डॉ. केके सिंह ने बताया कि ओपीडी में सामान्य दिनों की भांति नए व पुराने मरीज देखे जाएंगे। इमरजेंसी से लेकर ऑपरेशन भी होंगे, जांचे भी होंगी। सिर्फ शिक्षण कार्य नहीं होंगे और कार्यालय भी बंद रहेंगे।

एलयू के शोधकर्ताओ ने खोजा नींबू की शेल्फ लाइफ बढ़ाने का प्राकृतिक उपाय

लखनऊ,(आज समाचार सेवा)। लखनऊ विश्वविद्यालय के शोधकर्ता पौधों से प्राप्त आवश्यक तेलों की मदद से नींबू को लंबे समय तक ताजा रखने और कटाई के बाद होने वाली बर्बादी को कम करने की संभावनाओं पर अध्ययन कर रहे हैं। इस संयुक्त शोध में लखनऊ विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग के प्रो प्रदीप कुमार और जैव रसायन विभाग की डॉ मधु कमले के साथ शोधार्थी चिकांशी शर्मा, रितुराज बोरा और पूर्णमश्री गोगोई ने भाग लिया। टीम ने नींबू में फफूंद के संक्रमण को नियंत्रित करने के लिए पौधों से प्राप्त तेलों की प्रभावशीलता का अध्ययन किया।

डीआईओएस लखनऊ के बाबू ने बनाए फर्जी हस्ताक्षर, निलंबित

स्कूल की मान्यता को लेकर किया खेल, विभाग में हड़कंप

लखनऊ। जिला विद्यालय निरीक्षक लखनऊ में तैनात बाबू विनोद कुमार श्रीवास्तव ने जिला विद्यालय निरीक्षक के फर्जी हस्ताक्षर कर विद्यालय की मान्यता की संस्तुति कर दी। मामले के संदिग्ध लगने पर जांच में मामले के पकड़े जाने के बाद मनोज द्विवेदी अपर शिक्षा निदेशक बेसिक के द्वारा जालसाज बाबू को निलंबित कर दिया गया है । जानकारी के अनुसार विनोद कुमार श्रीवास्तव प्रधान सहायक कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक लखनऊ के पद पर तैनात है। फतेहपुर में तैनाती के दौरान विनोद श्रीवास्तव के द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज की मान्यता शर्तें पूरी नहीं होने पर भी विनोद श्रीवास्तव ने जिला विद्यालय निरीक्षक फतेहपुर के फर्जी हस्ताक्षर कर विद्यालय की मान्यता की संस्तुति कर दी। मामले में जिला विद्यालय निरीक्षक के हस्ताक्षर एवं पत्र को लेकर विभागीय अधिकारियों को संदेह हुआ। कार्यालय द्वारा सत्यापन कराए जाने पर संबंधित विद्यालय की मान्यता का ना तो कार्यालय का पत्रांक सही मिला और जिला विद्यालय निरीक्षक ने भी अपने हस्ताक्षर नहीं होने की पुष्टि की।विभागीय अधिकारियों ने पाया कि तत्समय जिला विद्यालय निरीक्षक शिवपूजन द्विवेदी थे पर जालसाज ने हस्ताक्षर अनुराग श्रीवास्तव के किए। विनोद श्रीवास्तव प्रधान सहायक जिला विद्यालय निरीक्षक फतेहपुर द्वारा पद का दुरुपयोग करते हुए पटल सहायक शीलू त्रिपाठी के द्वारा निस्तारित की जाने वाली फाइल को अपने स्तर से जालसाजी कर सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद कार्यालय को भेज दिया। मामले में जिला विद्यालय निरीक्षक के फर्जी हस्ताक्षर एवं कार्यालय पत्रांक पाए जाने पर मनोज द्विवेदी अपर शिक्षा निदेशक बेसिक प्रयागराज के द्वारा विनोद श्रीवास्तव को निलंबित कर दिया गया है ।निलंबन में विनोद श्रीवास्तव संयुक्त शिक्षा निदेशक प्रयागराज कार्यालय से संबद्ध रहेगा।

पड़ोसी दंपति की प्रताड़ना से युवक ने लगाई फांसी

लखनऊ।ठाकुरगंज में पड़ोसियों की मारपीट और धमकी से आहत होकर एक युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोपी पति-पत्नी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।घटना 23 अक्टूबर शाम 4 बजे की है। कंघीटोला नाला माली खां सराय निवासी दीपक वर्मा ने पुलिस को बताया कि उसका भाई अमन वर्मा दरवाजे पर बैठा था, तभी पड़ोस में किराए पर रहने वाले ऋषि साहू और उसकी पत्नी बब्ली पांडेय ने गाली-गलौज शुरू कर दी। आरोप है कि दोनों ने अमन के साथ मारपीट की, घर में घुसकर तोड़फोड़ की और जान से मारने की धमकी दी।इस घटना से मानसिक रूप से आहत अमन ने घर में दुपट्टे का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों की तहरीर पर ठाकुरगंज थाने में केस दर्ज हुआ।पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दोनों आरोपियों 37 वर्षीय ऋषि साहू और 27 वर्षीय बब्ली पांडेय को तीन बंदर गली के पास से गिरफ्तार किया। दोनों मूल रूप से बालागंज के रहने वाले हैं और फिलहाल कंघीटोला में किराए पर रह रहे थे।

राजधानी में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में सम्पन्न हुई पीईटी परीक्षा





लखनऊ।राजधानी में आज कड़ी सुरक्षा व्यवस्था और निगरानी में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित प्रारम्भिक अर्हता पीईटी परीक्षा सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार इस परीक्षा को लेकर अतिरिक्त सख्ती का नतीजा यह रहा कि कुल पंजीकृत परीक्षार्थीयों की संख्या 19152 थी। जिसमें 14546 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। जबकि कुल अनुपस्थित परीक्षार्थीयों की संख्या 4606 रही। कुल 75.95 प्रतिशत परीक्षार्थीयों ने परीक्षा देकर अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। यूपीएसएसएससी पीईटी परीक्षा केंद्रों के बाहर महिला

4606 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

अभ्यर्थियों की लाकेट बाली-पायल और हाथ में बंधे धागे तक उतरवा लिये गये। वहीं पुरुष अभ्यर्थियों के कलावा काटने के साथ उनके जूते-मोजे गेट के बाहर ही उतरवाये गए।आज रविवार को पीईटी परीक्षा लखनऊ के 45 परीक्षा केंद्रों पर करायी गयी। केंद्रों पर स्थानीय पुलिस के अलावा अतिरिक्त पुलिसकर्मी तैनात किये गये थे।परीक्षा केंद्रों के दो सौ मीटर दायरे में साइबर कैफे बंद कराये गये थे और परीक्षा की निगरानी सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से कंट्रोल रूम से की गयी।परीक्षा केंद्रों पर जैमर भी लगाये गये। जिससे अनधिकृत इलेक्ट्रॉनिक संचार को रोका जा सके। पहली पाली का पेपर देकर निकले एक अभ्यर्थियों का कहना था कि सौ प्रश्नों में एक भी सवाल यूपी से जुड़ा नहीं आया।परीक्षा के बाद चारबाग रेलवे स्टेशन पर सामान्य से अधिक भीड़ देखने को मिली।ट्रेन रुकने के बाद बड़ी संख्या में परीक्षार्थी सीट हासिल करने के लिए धक्का मुक्की करने लगे कई लोग दरवाजे पर लटके हुए भी नजर आये।भीड़ को देखते हुये रेलवे की तरफ से प्लेटफार्म पर बड़ी संख्या में जीआरपी जवान और रेलवे कर्मचारी तैनात किये गये। अभ्यर्थियों के लिए कई स्पेशल ट्रेने चलाई गयी।अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए रेलवे प्रशासन ने कई स्पेशल ट्रेनों के संचालन की व्यवस्था की है।इन ट्रेनों से मुरादाबाद गोरखपुर और बरेली सहित विभिन्न शहरों से लखनऊ आने वाले परीक्षार्थियों को राहत मिली।रेलवे ने अलग-अलग तारीखों पर परीक्षा स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया है।कुछ ट्रेनों में 13 कोच, जबकि अन्य स्पेशल ट्रेनों में जनरल श्रेणी के 10 कोच लगाये गये थे।

जमीन के लालच में खूनी बना चाचा

सगे भतीजे को कुल्हाड़ी से काटा, फिर अस्पताल में छिपा रहा हत्यारा

लखनऊ।राजधानी के महिगवां में जमीन के एक टुकड़े ने चाचा-भतीजे के रिश्ते को खून से रंग दिया। जमीन बेचने की बात पर हुए विवाद में 53 साल के चाचा ने अपने जवान भतीजे के सिर पर कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ दो वार कर उसकी बेरहमी से हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपी अस्पताल में जाकर छिप गया, लेकिन महिगवां पुलिस ने उसे घर से दबोच लिया।पुलिस के मुताबिक ग्राम शुक्लनपुरवा निवासी दिव्यांशु मिश्रा उर्फ शुभम 19 अक्टूबर को अपने सगे चाचा अजय मिश्रा उर्फ गुड्डन के घर गया था। जमीन बेचने को लेकर दोनों में कहासुनी होने लगी, बात गाली-गलौज तक पहुंच गई। आरोप है कि इसी बीच चाचा अजय घर के अंदर से धारदार तबली/कुल्हाड़ी ले आया और भतीजे के सिर पर दो बार वार कर दिया। लहूलुहान दिव्यांशु की मौके पर ही मौत हो गई।मृतक की पत्नी गरिमा मिश्रा निवासी प्रीतीनगर डुडौली मड़ियांव ने 20 अक्टूबर को थाने में तहरीर दी। पुलिस ने हत्या का केस दर्ज किया। जांच में पता चला कि आरोपी वारदात के बाद खुद घायल होने का नाटक कर अस्पताल में भर्ती हो गया था। डिस्चार्ज होकर जैसे ही वह शुक्लनपुरवा स्थित अपने घर लौटा, थानाध्यक्ष राधेश्याम मौर्य की टीम ने सुबह 10:15 बजे घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। हत्या में इस्तेमाल हथियार भी बरामद कर लिया गया है। पुलिस रिकॉर्ड में आरोपी पहले से ही दागी है। उस पर 2022 में इटौंजा थाने में भी हत्या का केस दर्ज है। पुलिस का कहना है कि आरोपी को कोर्ट में पेश किया जा रहा है।

हजरतगंज- धोखाधड़ी करने के मामले में दंपती गिरफ्तार

रेलवे गुड्स गोदाम, वाइन गोदाम, औषधि भंडारण, एफसीआई के गोदामों व वेयर हाउस के निर्माण की स्वीकृति दिलाने के नाम की थी ठगी

लखनऊ। रेलवे गुड्स गोदाम, वाइन गोदाम, औषधि भंडारण गोदाम व एफसीआई के गोदामों तथा वेयर हाउस के निर्माण की स्वीकृति दिलाने के नाम से फर्जी दस्तावेज तैयार कर हजरतगंज के पार्क रोड निवासी विनोद सिंह से मोटी रकम ऐंठने वाले गिरोह का खुलासा कर हजरतगंज पुलिस ने रविवार को दंपति को गिरफ्तार किया है।इंस्पेक्टर हजरतगंज शिवानंद मिश्र के मुताबिक बीते दस जुलाई 2026 को हजरतगंज स्थित पार्क रोड निवासी विनोद सिंह ने लिखित तहरीर देकर बताया कि शशांक पांडेय व उसकी पत्नी सोनिया पांडेय ने मिलकर केन्द्रीय भंडारण निगम में रेलवे गुड्स गोदाम, वाइन गोदाम, औषधि भंडारण गोदाम व एफसीआई के गोदामों तथा वेयर हाउस के निर्माण की स्वीकृति दिलाने के नाम पर उनसे मोटी रकम ऐंठ ली और फर्जी दस्तावेज तैयार उनके हाथों में थमा दिया।इंस्पेक्टर का कहना है कि पीड़ित विनोद सिंह की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन की गई तो मामला सही पाए जाने पर उनकी टीम में शामिल उपनिरीक्षक इरफान अहमद, उपनिरीक्षक विशाल पांडेय, उपनिरीक्षक शिवम पांडेय, महिला उपनिरीक्षक निशा सिंह, उपनिरीक्षक आदर्श कुमार सिंह, उपनिरीक्षक विकास यादव, उपनिरीक्षक सारूप खान, महिला उपनिरीक्षक लक्ष्मी पाल, कांस्टेबल एजाज अहमद व कांस्टेबल धर्मेन्द्र कुमार ने रविवार को मुखबिर की सूचना पर हजरतगंज क्षेत्र के 94 साकेत पल्ली नरही व मूल पता सुल्तानपुर जिले के नगर कोतवाली क्षेत्र स्थित खैराबाद निवासी शशांक पांडेय व उसकी पत्नी सोनिया पांडेय को गिरफ्तार किया है।इंस्पेक्टर ने बताया कि पकड़े गए आरोपी दंपति शातिर किस्म के ठग हैं और जांच-पड़ताल में सामने आया है कि पीड़ित ने अपनी डूबी हुई रकम को वापस मांगा तो पीड़ित को डांट-डपट कर भगा दिया था।

इटौंजा पुलिस नें कसा गौ-तस्करों पर शिकंजा

लखनऊ।थाना इटौंजा पुलिस ने गोवध के लिए बिहार ले जाए जा रहे 9 गोवंश को मुक्त कराते हुए एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पैर बांधकर क्रूरतापूर्वक ठूंसकर ले जाई जा रही 8 गाय और 1 बछिया को डीसीएम से बरामद किया गया। पुलिस के मुताबिक 24 अक्टूबर को डायल 112 पर सूचना मिली थी कि शाहजहांपुर की तरफ से एक डीसीएम में गोवंश लादकर लखनऊ लाया जा रहा है। सूचना पर हर्षा इंस्टीट्यूट के सामने सीतापुर-लखनऊ मार्ग पर चेकिंग लगाई गई। डीसीएम को रोककर तलाशी ली गई तो अंदर 9 गोवंश जीवित अवस्था में बंधे मिले। चालक के पास परिवहन का कोई वैध कागज नहीं था।पकड़े गए चालक की पहचान 42 वर्षीय रविन्द्र सिंह पुत्र धर्मपाल सिंह निवासी शंकरकला, थाना खड्डर साहिब, तरनतारन पंजाब के रूप में हुई। पूछताछ में उसने बताया कि गोवंश को लुधियाना के खन्ना स्थित समराला रोड से संदीप सिंह निवासी हरियो खुर्द समराला ने लोड कराया था और बक्सर मंडी बिहार में गोवध के लिए ले जाया जा रहा था। आरोपी ने कबूला कि वह पहले भी 3-4 बार इसी रूट से गोवंश ले जा चुका है। पुलिस ने गोवध निवारण और पशु क्रूरता अधिनियम में केस दर्ज कर डीसीएम, मोबाइल और 3200 रुपये नकद बरामद किए।

रामडोल मेले में देवी-देवताओं की झांकियों ने मोहा मन

लखनऊ,। सरोजनीनगर के नटकुर गांव में रविवार शाम रामडोल मेले का आयोजन धूमधाम से किया गया। इस दौरान भगवान राम-सीता, हनुमान और राधा-कृष्ण समेत कई देवी-देवताओं की आकर्षक झांकियों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा गांव के अलग-अलग रास्तों से होकर गुजरी। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण झांकियों के दर्शन के लिए जुटे। श्रद्धालुओं ने जयकारे लगाकर माहौल को भक्तिमय बना दिया। गांव में जगह-जगह लोगों की भीड़ दिखाई दी। कार्यक्रम का आयोजन नटकुर प्रधान प्रतिनिधि पवन कुमार सिंह की अध्यक्षता में किया गया। शोभायात्रा में भगवान राम-सीता, हनुमान और राधा-कृष्ण सहित कई देवी-देवताओं की झांकियां शामिल रहीं। आकर्षक झांकियों के साथ शोभायात्रा गांव के विभिन्न रास्तों से निकली। इस दौरान ग्रामीणों ने श्रद्धा के साथ झांकियों के दर्शन किए और जयकारे लगाए। शोभायात्रा के चलते गांव में धार्मिक उत्साह का माहौल रहा। शोभायात्रा के समापन के बाद गांव के मां कालिका मंदिर परिसर में मटकी फोड़ने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके बाद कंस दहन किया गया। धार्मिक कार्यक्रमों में ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। आयोजन के समापन पर रामडोल का विसर्जन किया गया और श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह के प्रतिनिधि प्रदीप मिश्रा, पूर्व प्रधान पवन सिंह और पार्षद प्रतिनिधि लवकुश रावत समेत कई ग्रामीण मौजूद रहे। आयोजन नटकुर प्रधान प्रतिनिधि पवन कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। धार्मिक आयोजन के दौरान ग्रामीणों की भागीदारी रही।

एशियन पैरा गेम्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर निदेशक पंचायती राज ने दी बधाई

लखनऊ, सीएम योगी के विजन के अनुरूप अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश के खिलाड़ी नाम रोशन कर रहे हैं। जापान में आयोजित पांचवें एशियन पैरा गेम्स-2026 में गाजियाबाद की पैरा एथलीट एवं अर्जुन अवॉर्डी से सम्मानित सिमरन ने 100 मीटर और 200 मीटर रेस में प्रथम स्थान प्राप्त कर देश का गौरव बढ़ाया है। उनकी इस शानदार उपलब्धि से उत्तर प्रदेश सहित पूरे देश में हर्ष का माहौल है। सिमरन वर्तमान में उत्तर प्रदेश के पंचायती राज विभाग में जिला पंचायत राज अधिकारी (डीपीआरओ) के पद पर कार्यरत हैं।सिमरन की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर निदेशक पंचायती राज धीरेंद्र सिंह सचान ने उनसे फोन पर वार्ता कर हार्दिक बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

दशहरा मेला देखने गई बीए की छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म तीन दिन बाद परिवार को बताई घटना, एफआईआर दर्ज

लखनऊ,लखनऊ के काकोरी के मौंदा गांव में दशहरा मेला देखने आई बीए प्रथम वर्ष की छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़िता ने अपने पूर्व परिचित आयुष पाल और उसके दोस्त पर आरोप लगाया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर दोनों को हिरासत में ले लिया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। इंस्पेक्टर काकोरी सतीश चंद्र राठौर के मुताबिक, छात्रा 20 अक्टूबर को परिजनों के साथ मौंदा गांव में दशहरा मेला देखने गई थी। इसी दौरान उसकी मुलाकात पतौरा गांव निवासी पूर्व परिचित आयुष पाल से हुई। आरोप है कि आयुष चाय पिलाने के बहाने छात्रा को बाइक से अपने साथ ले गया। कुछ दूर जाने पर उसका साथी भी बाइक पर बैठ गया। दोनों छात्रा को एक बाग में ले गए, जहां उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। विरोध करने पर आरोपियों ने छात्रा के साथ हाथापाई की और उसे धमकाया। घटना के बाद डरी-सहमी छात्रा किसी तरह घर पहुंची। डर के चलते उसने परिजनों को वारदात के बारे में कुछ नहीं बताया। तीन दिन बाद पेट में दर्द होने पर उसने परिजनों को पूरी घटना बताई। परिजन शिकायत लेकर सरोजनीनगर थाने पहुंचे, जहां से उन्हें घटना काकोरी क्षेत्र की होने की जानकारी देकर काकोरी थाने भेज दिया गया।

राजधानी में डेंगू का प्रकोप बढ़ा, 24 नये मरीज मिले

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने 90 घरों में सर्वेक्षण कर बांटी दवायें

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने रविवार को फैजुल्लागंज क्षेत्र के यासीन बाग व नया पुरवा के 90 घरों में सर्वेक्षण किया, और लोगों को आवश्क दवायें, क्लोरीन की गोलियां व ओआरएस पैकेट वितरित किये।। इसके साथ ही साफ-सफाई और बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक किया गया। सीएमओ डॉ.एन.बी. सिंह के निर्देश पर नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र फैजुल्लागंज की प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ.आसमा ने आशा और एएनएम की टीम के साथ सर्वेक्षण कराया। क्षेत्र में मुख्य चिकित्सा अधिकारी लखनऊ कार्यालय एवं 108 रोगी वाहन की 24 घंटे तैनाती की गई है।



लखनऊ। राजधानी में डेंगू का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। रविवार को विभिन्न इलाकों के 24 लोगों में डेंगू पुष्टि हुयी हैं। सर्वाधिक पांच मरीज अलीगंज इलाके में मिले हैं। इसके अलावा चन्दरनगर में चार,इन्दिरानगर व सिल्वर जुबली में तीन-तीन,सरोजनीनगर,रेडक्रास व टूड़ियागंज में दो-दो, चिनहट,एनके रोड व ऐशबाग इलाके में एक-एक मरीज मिला है। मरीजों की बढ़ती संख्या ने स्वास्थ्य विभाग की चिन्ता बढ़ा दी है। अस्पतालों में डेंगू मरीजों के इलाज के लिए अलग वार्ड तैयार किये गये हैं। मच्छरदानी में मरीजों को भर्ती किया जा रहा है। बलरामपुर, सिविल, लोकबंधु बीआरडी व रानी लक्ष्मीबाई सहित अन्य अस्पतालों में मच्छरदानी में मरीज भर्ती किये जा रहे हैं। मरीजों को भी मच्छरों से बचाव के लिए सावधानी बरतने की सलाह दी जा रही है। सीएमओ डॉ.एन.बी. सिह ने बताया कि डेंगू के लक्षण मिलने पर मरीज सरकारी अस्पतालों में जांच करा सकते हैं। यहां डेंगू की जांच मुफ्त उपलब्ध है। मरीजों को इलाज के दौरान जरूरी दवाएं भी मुफ्त दी जा रही हैं।

साइबर ठगों ने उड़ाए थे 4.80 लाख

लखनऊ।ऑनलाइन ठगी का शिकार हुए एक कारोबारी के लिए नाका हिंडोला पुलिस किसी मसीहा से कम साबित नहीं हुई। साइबर ठगों ने खाते से 4 लाख 80 हजार रुपये उड़ा लिए थे, लेकिन थाना नाका की साइबर हेल्प डेस्क टीम ने तकनीकी सूझबूझ से पूरी रकम ट्रेस कर वापस करा दी। पैसा वापस मिलते ही पीड़ित ने लखनऊ पुलिस का आभार जताया।पुलिस के मुताबिक न्यू तिलक नगर निवासी राहुल अग्रवाल पुत्र मोतीलाल अग्रवाल ने 25 जनवरी 2026 को शिकायत दी थी कि उनके खाते से 4,80,000 रुपये का फ्रॉड हो गया है। मामला संज्ञान में आते ही पुलिस कमिश्नर तरुण गाबा के निर्देश पर डीसीपी पश्चिमी, एडीसीपी पश्चिमी और एसीपी कैसरबाग के निर्देशन में थानाध्यक्ष नाका विवेक कुमार चौधरी के नेतृत्व में साइबर टीम सक्रिय हो गई।साइबर हेल्प डेस्क प्रभारी उपनिरीक्षक सत्येन्द्र कुमार सैनी ने तत्काल नेशनल साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कर ठगी की रकम को होल्ड करा दिया।

मतगणना सुरक्षा व्यवस्था व आवश्यक तैयारियां समय से पूर्ण करें अधिकारी - रिणवा



विधान परिषद निर्वाचन की मतगणना की तैयारियों की मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने की समीक्षा

लखनऊ,(आज समाचार सेवा)। उत्तर प्रदेश विधान परिषद के पांच स्नातक एवं छह शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के द्विवार्षिक निर्वाचन-२०२६ की मतगणना से संबंधित तैयारियों की रविवार को समस्त रिटर्निंग ऑफिसर मण्डलायुक्त एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, जिला निर्वाचन अधिकारी के साथ उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा की। इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मतगणना के संबंध में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का भली-भांति अध्ययन करते हुए उनका अक्षरश: अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने मतगणना की सभी तैयारियां निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने तथा संपूर्ण प्रक्रिया को निर्विघ्न, शांतिपूर्ण एवं समयबद्ध ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए कि मतगणना स्थल पर भारत निर्वाचन आयोग के निर्धारित मानकों के अनुरूप सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मतगणना की निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरों एवं वीडियोग्राफी की समुचित व्यवस्था की जाए। मतगणना के दौरान निर्बाध्य विद्युत आपूर्ति बाधित न हो इस सम्बन्ध में विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित कर दिया जाये। साथ ही विद्युत की वैकल्पिक व्यवस्था जनरेटर के रूप में सुनिश्चित की जाये। जनरेटर की व्यवस्था ऐसे स्थान पर की जाये जिससे मतगणना स्थल पर ध्वनि व प्रदूषण की समस्या न उत्पन्न हो। बैठक में उपस्थित अधिकारियों को मतगणना प्रक्रिया के सम्बन्ध में प्रशिक्षित किया गया। उन्होंने कहा कि मतगणना कार्य में लगाए जाने वाले सभी कार्मिकों को विधिवत प्रशिक्षण प्रदान किया जाए, जिससे मतगणना प्रक्रिया सुचारु रूप से संपन्न हो सके। मतगणना से पूर्व सभी आवश्यक सामग्रियों एवं प्रपत्रों का आंकलन करते हुए मतगणना टेबलों तथा रिटर्निंग ऑफिसर की टेबल की व्यवस्था समय से पूर्ण कर ली जाए। सभी उम्मीदवारों के मतगणना एजेण्टों की नियुक्ति निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार की जाए तथा उन्हें नियमानुसार फोटो पहचान पत्र जारी किए जाएं। मतगणना एजेण्टों एवं उम्मीदवारों के बैठने की समुचित व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी रिटर्निंग ऑफिसर एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर को निर्देशित किया कि मतगणना की तैयारियों की निरंतर निगरानी की जाए और किसी भी आवश्यक व्यवस्था में शिथिलता न बरती जाए। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करते हुए मतगणना प्रक्रिया को निर्विघ्न, शांतिपूर्ण एवं समयबद्ध ढंग से सम्पन्न कराया जाए।